पीएम- संस्कृत सुभाषितम्

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के युवा, जब कोई काम करने का संकल्प लेते हैं, तो उसे अपने कार्यों से सिद्ध करते हैं। सोशल मीडिया पर संस्कृत सुभाषितम् साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति के बल पर ही देश विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है।

नारी शक्ति वंदन' पखवाड़ा

आज से प्रदेशभर में 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा' की शुरुआत हुई. यह पखवाड़ा 25 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इसका मकसद महिला आरक्षण कानून के बारे में लोगों को जागरूक करना और महिला नेतृत्व को सम्मान देना है। अभियान की शुरुआत भोपाल के रवींद्र भवन स्थित हंसध्वनि सभागार से हुई। सभी संभाग व जिला मुख्यालयों पर भी बड़े सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। 14 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर जयंती के मौके पर पंचायत स्तर पर विशेष ग्राम सभाएं और सेमिनार होंगे। इस दौरान महिला सांसदों, विधायकों, महापौरों और सफल महिला उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा।

शिवराज सिंह- भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि छोटे किसानों की आय केवल गेहूं और धान उगाने से नहीं बढ़ेगी, इसके लिए इंटीग्रेटेड फार्मिंग यानी एकीकृत कृषि अपनानी होगी। उन्होंने कहा कि किसानों को अनाज के साथ-साथ फल, सब्जी, दूध, मोटा अनाज, मधुमक्खी पालन और मछली पालन भी करना होगा। वहीं रायसेन जिले में कल से तीन दिवसीय "उन्नत कृषि महोत्सव-2026" का आयोजन किया जाएगा।

जल संसाधन दिवस

आज जल संसाधन दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागरिकों से जल संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की है। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर उन्होंने कहा कि जल केवल जीवन का आधार नहीं बल्कि सृष्टि का सार भी है और हर बूंद में भविष्य की समृद्धि का संदेश है।

26 IAS अफसरों के तबादले

प्रदेश में कल रात मोहन यादव सरकार ने 26 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया। भोपाल कलेक्टर रहे कौशलेंद्र विक्रम सिंह को मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है, जबकि प्रियंक मिश्रा को नया भोपाल कलेक्टर नियुक्त किया गया है। इस फेरबदल में 13 से ज्यादा जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं, जिनमें सागर, धार, रीवा, नर्मदापुरम, सिवनी, शिवपुरी, उमरिया, श्योपुर, मैहर, दमोह, मंडला, झाबुआ और बैतूल शामिल हैं।

राहवीर योजना

प्रदेश सरकार ने सड़क हादसों में घायलों की मदद करने वाले लोगों को 25 हजार रुपए नकद इनाम देने का ऐलान किया है। 'राह-वीर योजना' के तहत जो भी राहगीर किसी घायल को दुर्घटना के एक घंटे के अंदर अस्पताल पहुँचाएगा, वह इस इनाम का हकदार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस योजना में मदद करने वाले को किसी तरह की पुलिस पूछताछ या कानूनी कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।

उपसभापति हरिवंश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के पूर्व उपसभापति हरिवंश को राज्यसभा सदस्य के रूप में मनोनीत किया है। उनका पिछला कार्यकाल कल समाप्त हुआ था। पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की सेवानिवृत्ति के बाद खाली हुई सीट पर उन्हें मनोनीत किया गया है। इसके अलावा उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आज राष्ट्रपति भवन में पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई की पुण्यतिथि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

सुप्रीम कोर्ट - जाति जनगणना

सर्वोच्च न्यायालय ने आज जाति जनगणना पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने यह फैसला सुनाया। इससे पहले 2 फरवरी को भी शीर्ष अदालत ने 2027 की जनगणना में जातिगत आंकड़े दर्ज करने की पद्धति पर सवाल उठाने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया था।

आईपीएल, RR vs RCB

इंडियन प्रीमियर लीग में आज शाम साढ़े सात बजे गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच मुकाबला होगा। इससे पहले कल के रोमांचक मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को आखिरी गेंद पर तीन विकेट से हरा दिया। कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 181 रन बनाए, जिसके जवाब में लखनऊ ने मैच की अंतिम गेंद पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

मौसम का हाल

प्रदेश में अप्रैल की शुरुआत भीषण गर्मी की बजाय आंधी, बारिश और ओलों के साथ हुई, लेकिन अब यह दौर खत्म होने जा रहा है। आज से मौसम शुष्क होगा और दिन के तापमान में 4 से 6 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है। कल भी साइक्लोनिक सर्कुलेशन के चलते उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, मंडला समेत कई जिलों में आंधी-बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिनों तक बारिश की कोई संभावना नहीं है।

समाचार संक्षेप में :-

- जबलपुर में कल विश्व नवकार मंत्र दिवस के अवसर पर एक विशेष आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी वर्चुअली शामिल हुए।
- इंदौर में “स्वच्छ इंदौर वार्ड रैंकिंग 2025-26” तथा देपालपुर वार्ड रैंकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को रविन्द्र नाट्य गृह में आयोजित समारोह में सम्मानित किया गया।
- नर्मदापुरम जिले में “पोषण पखवाड़ा” के अंतर्गत परियोजना क्षेत्र के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर “माता और शिशु पोषण” थीम पर विभिन्न सामूहिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है
- प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण के मंत्री नागर सिंह चौहान कल आगरमालवा में जिला विकास एवं सलाहकार समिति की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा करेगें।